## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरबा के सी मार्ट में शार्ट-सर्किट से लगी आग, सामानों को पहुंची आंशिक क्षति

**कोरबा (आरएनएस)।** टीपी नगर चैक में संचालित सी-मार्ट में उस समय अफरा तफरी मच गई जब दुकान में लगभग साढ़े सात बजे अचानक आग लग गई। शार्ट सर्किट की वजह से लगी आग की लपटें को देख दुकान के कर्मचारी जान बचाकर बाहर निकले। नियंत्रण के लिए दमकल को बुलाया गया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से दुकान के सामानों को आंशिक क्षति पहुंची है। बिहान योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह के तैयार उत्पादों को बिक्री के लिए शहर के टीपी नगर चैक में सी-मार्ट का संचालन हो रहा है। शाम सात बजे खरीदारों की चहल-पहल जारी थी। इस दौरान दुकान में अचानक चारों तरफ धुंआ छाने लगा। लोगों को समझने में देर नहीं लगी कि दुकान में आगजनी की घटना हुई है। लोग तेजी से दुकान से बाहर निकलने लगे। धुंआ दुकान के मुख्य इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड बोर्ड की ओर से आ रहा था। शार्ट सर्किट की वजह से लगी आग को नियंत्रण के लिए तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी थी। टीपी नगर चैकी के सामने हुई घटना की वजह से पुलिस कर्मी भी सक्रिय हो गए। थोड़ी ही देर में दमकल पहुंच गईं और आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना दुकान के सामानों को आंशिक क्षति पहुंची है।

### युवक से 20 लाख की लूट, बाइक सवार बदमाशों ने दी वारदात को अंजाम

**रायपुर (आरएनएस)।** कमल विहार मेनगेट के पास बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने एक युवक से रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार ध्रुव 35 वर्ष सास्वत नगर बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी मोटरसायकिल में 20 लाख रुपए बैग में भरकर जा रहा था। तभी कमल विहार मेन गेट के पास बाइक सवार अज्ञात दो युवकों ने पीछे से आकर झपट्टा मारकर ले भागा। बैग में रुपयों के साथ मोबाइल भी रखा हुआ था। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम निमोरा में बंधन बैंक के खाता धारक ने घर बैठे ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर रुपया प्राप्त कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पारक कुमार धीवर 27 वर्ष ग्राम निमोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि बंधन बैंक के खाता धारक आरोपी ने प्रार्थी को घर बैठे ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर रुपया प्राप्त किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हिरोइन चिट्टा के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** खमतराई पुलिस ने लक्ष्मी धर्मकांटा के पास भनपुरी में हिरोइन चिट्टा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मी धर्मकांटा के पास भनपुरी के पास आरोपी जगजीत सिंह 32 वर्ष, संदीप सिंह व सुखराज सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 26 ग्राम हिरोइन चिट्टा जब्त किया है। जिसकी कीमत 1 लाख 4 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# डीएमएफ घोटाला कांड : आईएएस रानू साहू को ईडी ने फिर किया गिरफ्तार

**कोरबा । आरएनएस**



जिला कलेक्टर के पद पर रही निलंबित रानू साहू अब छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाला कांड के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड पर हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डीएमएफ घोटाला कांड के आरोप में 9 अक्टूबर को जेल में बंद रानू साहू को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय रानू साहू से हर दिन 7 घंटे तक पूछताछ कर सकेगी। न्यायालय ने इसके लिए प्रवर्तन निदेशालय को 5 दिन का समय दिया है। सुनवाई के दौरान रानू साहू के कोर्ट में आंसू छलक पड़े। इस दौरान आंसू पोछते हुए उन्होंने कहा की मुझे प्रताडित किया जा रहा हैं पर में मजबूती से खड़ी हूँ मुझ पर सारे केस एक साथ लगा दीजिए।

जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने रानू साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए 9 अक्टूबर को रायपुर की पीएमएलए स्पेशल न्यायालय में पेश किया। इस दौरान रानू साहू की आंखों से आंसू बहने लगे। निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू ने कहा की कोयला मामले में सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिल चुकी है। परंतु उसके बाद भी एक के बाद एक केस मुझ पर लगाए जा रहे हैं। एक साथ सारा केस लगा दीजिए। रानू साहू ने आगे कहा की जेल में रहते 16 महीने हो चुके हैं। एक-दो साल और रह सकती हूं। रानू साहू ने आरोप लगाते हुए कहा की उनका स्वास्थ्य जांच नहीं की जाती हैं। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने न्यायालय से कहा की मुझे सोनोग्राफी और अन्य जांच करवाना है, लेकिन कई महीनों से यह नहीं हो पा रहा हैं। रानू साहू के वकील फैसल रिजवी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केस की पैरवी की। उन्होंने न्यायालय को बताया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से डीएमएफ घोटाला कांड मामले में ईसीआईआर दर्ज कर ली गई थी, लेकिन अब तक कोई जांच नही की गई। रानू साहू को कोयला घोटाला मामले में सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है और लेकिन एसीबी मामले में न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा है। ऐसे में उन्हें मानसिक रूप से प्रताडित करने और सोची समझी साजिश के तहत ऐसा किया जा रहा हैं। पीएमएलए स्पेशल न्यायालय ने निलंबित आईएएस रानू साहू से 7 घंटे पूछताछ की अनुमति दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी हर दिन प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक उनसे पूछताछ कर सकेगी। यह अनुमति 22 अक्टूबर तक के लिए दी गई है। पीएमएलए स्पेशल न्यायालय ने यह भी कहा कि रानू साहू को उनके परिवार वालों से एक दिन छोडकर मिलने की अनुमति होगी। रानू साहू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला घोटाला मामले में 22 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। कोयला घोटाला मामले को लेकर साल 2022 में आयकर विभाग ने सबसे पहले रानू साहू के शासकीय निवास और दफ्तर में छापा मारा था। इसके बाद ईडी ने रानू साहू के घर छापा मारा था।

डीएमएफ घोटाले में ही मंगलवार को ईडी ने आदिवासी विभाग की उपायुक्त माया वारियर को गिरफ्तार किया था। कोरबा में माया आदिवासी विकास विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर रह चुकी हैं। ईडी ने उन्हें न्यायालय में पेश कर 23 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है। रानू साहू जून 2021 से जून 2022 तक कोरबा में कलेक्टर थीं। इसके बाद फरवरी 2023 तक वह रायगढ़ में कलेक्टर रहीं। इस दौरान माया वारियर भी कोरबा में पदस्थ थीं। जानकारी के अनुसार रानू साहू से करीबी संबंध होने के कारण ईडी ने माया वारियर के दफ्तर और घर में छापा मारा था। डीएमएफ मद की बड़ी राशि आदिवासी विकास विभाग को प्रदान की गई थी, जिसमें घोटाले का आरोप हैं। इसका प्रमाण मिलने के बाद ईडी ने माया वारियर को गिरफ्तार किया था। प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। इस केस में यह तथ्य निकल कर सामने आया है कि जिला खनन निधि कोरबा के मद से अलग-अलग निविदा आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं की गईं है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाने का भी आरोप हैं। जानकारी के अनुसार जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि निविदा राशि का 40त्न सरकारी अधीकारियों को कमीशन के रूप में दिया गया है। निजी कंपनियों के निविदा पर 15त्न से 20त्न अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने लिया हैं। बताया जा रहा हैं की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अधिकारी रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तथ्यों के मुताबिक निविदा जारी करने वाले अधीकारियों ने बिचैलिए के साथ मिलकर किसी भी चीज की असल कीमत से ज्यादा का बिल भुगतान कर दिया। इनके द्वारा आपस में मिलकर साजिश करते हुए पैसे कमाए गए। कोयला घोटाले मामले में ईडी को जेल में बंद कथित आरोपियों से पूछताछ की भी अनुमति मिल गई है। 23 अक्टूबर तक ईडी जेल में जाकर सूर्यकांत, रजनीकांत, निखिल और रोशन कुमार सिंह नामक कथित आरोपियों से पूछताछ करेगी।

## साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा: ग्राम घघरा में जिला पुलिस और हेल्पिंग हैंड्स क्लब ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**❑ शिविर में इलाज के साथ दी गई जागरुकता की दवाएं**

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में साइबर जन जागरूकता पखवाड़े के तहत जिला पुलिस और हेल्पिंग हैंड्स क्लब द्वारा ग्राम घघरा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. दिलेश्वर पटेल और उनकी टीम ने रक्तचाप (बीपी) और शुगर की जांच की और परामर्श के अनुसार निशुल्क दवाइयों का वितरण किया। दंत चिकित्सक डॉ. विकास अग्रवाल और डॉ. हितेश गवेल ने भी ग्रामीणों और बच्चों के दांतों तथा मसूड़ों की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयाँ, दंत मंजन और मलहम प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने ग्राम घघरा, मकरी, हलाहुली और आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों को साइबर सेल द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने इन महत्वपूर्ण जानकारियों और बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला:

**- संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें:** किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें, क्योंकि ये आपकी जानकारी चुराने के लिए हो सकते हैं।

**- व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें:** सोशल मीडिया या अन्य प्लेटफार्मों पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि बैंक विवरण, पासवर्ड आदि साझा करने से बचें।

**- दोस्तों से आए संदेशों की जांच करें:** अगर आपको किसी मित्र से अनजान संदेश मिलता है, तो उसे तुरंत खोलने से पहले जांचें कि क्या वह सच में आपके मित्र का है।

**- एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें:** अपने डिवाइस को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा अपडेटेड एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें।

**- सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें:** अपने ऑनलाइन अकाउंट के लिए मजबूत और अनोखे पासवर्ड का उपयोग करें।

उपस्थित ग्रामीणों को हेल्पिंग हैंड्स के स्वास्थ्य संयोजक डॉ. विकास अग्रवाल ने भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर, डीएसपी अभिनव ने सभी उपस्थित लोगों को साइबर जागरूकता की शपथ दिलाई।

इस स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का लाभ 400 से अधिक लोगों ने उठाया। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में खरसिया के ग्राम घघरा में आयोजित साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा में डीएसपी अभिनव उपाध्याय सहित हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल , विन्नी सलूजा , हिमांशु अग्रवाल , रजत शर्मा , राहुल डनसेना , साहिल शर्मा एवं हेल्पिंग हैंड्स की पूरी टीम उपस्थित रही वहीं स्वास्थ शिविर में सभी प्रमुख डॉक्टर्स ने ग्रामीण अंचल का स्वास्थ जांच किया जिसमें हेल्पिंग हैंड्स के स्वास्थ संयोजक डॉक्टर दिलेश्वर पटेल , डॉक्टर विकास अग्रवाल साथ ही दांत चिकित्सक डॉक्टर हितेश गवेल एवं उनकी टीम रहे।

## कार्य में लापरवाही बरतने के फल स्वरूप सचिव निलंबित एवं सरपंच के विरुद्ध धारा 40 संस्थित

**सूरजपुर । आरएनएस**

जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू द्वारा जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घुमाडांड के सचिव को कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरुप निलंबित किया गया है एवं सरपंच के विरुद्ध धारा 40 के तहत कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत घुमाड़ांड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कराया जा रहा आवास की समीक्षा पर पाया गया कि योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति के लिए नियमित शिक्षिका के पति के नाम पर ग्रामसभा से अनुमोदन करते हुए आवास की पात्रता सूची में एक शिक्षिका के पति हैं उनको पात्रता की सूची में रखा गया जो घोर लापरवाही का घोतक है। उक्त प्रकरण की समीक्षा पर लापरवाही बरतने वाले सचिव अनिल कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जनपद पंचायत प्रतापपुर संलग्न किया गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरपंच पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रतापपुर को पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर अनुशंसा की गई है, इसके साथ ही सभी पंचायत सचिवों को इस प्रकार की लापरवाही नहीं किए जाने संबंधी निर्देश दिए गए हैं।

## पशुपालकों को चलित पशु चिकित्सा इकाई की सुविधा का मिल रहा लाभ

**सुकमा (आरएनएस)।** ग्रामीण अंचल एवं शहरी इलाकों के पशुपालकों को घर पहुंच पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने जिले के तीनो विकासखंडों में प्रदायित मोबाईल वेटनरी इकाई के द्वारा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुदूर एवं अंदरूनी ग्रामों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के पशुपालकों को त्वरित पशु चिकित्सा सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. सुमेर सिंह जगत ने बताया कि इस हेतु टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करके अपना पता और लोकेशन बताकर बेहतर पशु चिकित्सकीय के साथ-साथ निकृष्ट नाटो, पाड़ो एवं बकरों का बधियाकरण, टीकाकरण एवं नस्ल सुधार हेतु उन्नत नस्लों के सिमेंन से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाओं का भी पशुपालक लाभ ले सकते है। उपसंचालक डॉ. जगत के द्वारा बताया गया कि जिले में पशुओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुँचाने में यह सह सेवा बहुत ही कारगर साबिल हो रही है। इस वाहन के माध्यम से बीमार पशुओं का घर-घर जा कर उचित ईलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में छिंदगढ़ के पशु चिकित्सालय से डॉ. भूपेन्द्र बघेल के नेतृत्त्व में चलित पशु चिकित्सा इकाई की सयुंक्त टीम के द्वारा ग्राम अधिकारीरास, कोमटीगुडा, तातीपारा एवं पुजारीपाल ग्रामों में ग्रामीण एवं पशुपालकों की उपस्थिति में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर गौवंशीय- भैंसवंशीय, भेड़, बकरे-बकरियों, सुकरों आदि पशुओ का उपचार, बधियाकरण, टीकाकरण कर औषधियों का वितरण तथा ग्रामीणों को विभागीय व्यक्तिमुलक तथा केसीसी पशुपालन योजना के बारे जानकारी दिया गया।

## टहलने निकले युवक पर लोमड़ी ने किया हमला

**कोरबा । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और मुंगेली जिले के बाद अब कोरबा जिले में भी लोमड़ी का आतंक देखने को मिला है। दर्री के राजीव नगर में घटना सामने आई है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यहां एक युवक पर लोमड़ी ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां घायल युवक का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजजारी है।

जानकारी के मुताबिक दर्री निवासी मनोज मतवारे उम्र (35 वर्ष) मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी और बच्चे साथ रहते हैं। खाना खाकर वो बस्ती से लगे नर्सरी में टहलने गया हुआ था। इस दौरान अचानक एक लोमड़ी ने पीछे से पहले हाथ मे हमला किया। उसे लगा कि कुत्ते ने हमला किया है। इसके बाद फिर से पलटकर उसने चेरे पर हमला कर दिया। इस हमले में लोमड़ी ने नाक को नोच लिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, और चीख-पुकार मचाने लगा। घटनास्थल पर मौजूद आसपास कुछ युवक दौडकर आए और किसी तरह लोमड़ी को मार कर भगाया, तब जाकर उसकी जान बच पाई। घटना के बाद देखते ही देखते बस्ती वालों की भीड़ जमा हो गई, घायल को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां युवक को नाक पर 13 टांके लगे हैं उसका इलाज जारी है। इससे पहले बिलासपुर और मुंगेली में लोमड़ी ने 16 लोगों को घायल कर दिया था। कोरबा में भी इस तरह की घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि दर्री क्षेत्र में लोमड़ी पिछले कई दिनों से विचरण कर रहा है, लेकिन हमला पहली बार किया है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों की चिंता ज्यादा है, जो घर के बाहर खेलते-कूदते रहते हैं, कहीं बच्चों पर भी हमला न कर दें।

## बस्तर ओलम्पिक 2024 : 11 खेल विधाओं में जोर आजमाएंगे जिले के युवक-युवती

**कांकेर । आरएनएस**




जिला प्रशासन, जिला पुलिस बल एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवम्बर तक विभिन्न चरणों में बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जाएगा, जिसके प्रथम चरण में 1 से 20 अक्टूबर तक खिलाड़ियों का पंजीयन एवं 21 से 30 अक्टूबर तक जोन स्तरीय (पंचायत), 01 से 15 नवम्बर के बीच विकासखण्ड स्तरीय आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार जिला स्तरीय आयोजन 15 से 25 नवम्बर के बीच और संभाग स्तरीय आयोजन 26 से 30 नवम्बर के बीच तीन दिवसीय जगदलपुर में प्रस्तावित किया गया है। इसमें एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, तवा फेंक, रिले रेस, तीरंदाजी 30 एवं 50 मीटर, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, वेटलिफ्टिंग, हॉकी, एवं रस्साकसी जैसे कुल 11 खेल विधाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके तहत जूनियर वर्ग 14 से 17 वर्ष एवं सीनियर वर्ग में 17 से अधिक कोई भी महिला तथा पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकता है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल ऑफिसर सुमीत अग्रवाल द्वारा संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार, पंजीयन, खेल मैदान, खिलाड़ियों हेतु व्यवस्था इत्यादि के संबंध में तथा सभी ग्राम पंचायत एवं स्कूलो में अधिक से अधिक पंजीयन हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि माओवादी प्रभावित दिव्यांगों और आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए प्रतियोगिताएं सीधे संभाग स्तर पर आयोजित की जाएंगी। आयोजन में विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी, शील्ड और नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। पंजीकरण के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, फोटो एवं बैंक खाता विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पंजीयन बार कोड एवं लिंक के माध्यम से खिलाड़ी स्वयं कर सकते हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कार्यालय एवं अपने संस्था के व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से भी पंजीयन करा करते हैं।

## जशपुर जम्बूरी में पर्यटकों को मिल रहा रोमांचक खेलों के साथ देशी कहानियों का मजा

**❑ कैम्पिंग, साहसिक खेलों और दोस्ती का मजेदार सफर**

**❑ रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, बोटिंग, ट्रैकिंग से लेकर जनजातीय परिचय का पर्यटकों ने लिया आनंद**

**जशपुर । आरएनएस**

जशपुर जम्बूरी देशदेखा की पहाडिय़ों में होने वाले इस चार दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन इस बार भी किया जा रहा है। 17 से 20 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर पर्यटन को नया आयाम देने तथा जशपुर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से देश और दुनिया को परिचित कराने के लिए जम्बूरी में विभिन्न साहसिक गतिविधियों के साथ जनजातीय सांस्कृतिक परिचय, जनजातीय कहानी वाचन, लोक गीत, जनजातीय वेशभूषा परिचय, पारम्परिक व्यंजनों से परिचय आदि का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत शुक्रवार को देशदेखा पहाड़ी में साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यटकों को पहाड़ की खड़ी ढलानों पर रस्सियों के सहारे रॉक क्लाइम्बिंग एवं रैपलिंग का आनंद लिया। फिर देशदेखा की पहाडिय़ों में जंगली रास्तों में स्थानीय वनस्पतियों का ज्ञान लिया और ट्रैकिंग करते हुए जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी पर्यटकों के साथ मयाली डैम स्थित मयाली नेचर कैम्प पहुंचे।

**पारंपरिक करमा नृत्य और स्वागत गीत से किया गया स्वागत-** देश भर से जंबूरी उत्सव में भाग लेने आए युवाओं का मायली नेचर पार्क पहुंचने पर उनका स्वागत पारंपरिक करमा नृत्य एवं स्वागत गीत से किया गया। युवाओं ने भी कर्मा नर्तकों के आकर्षण नृत्य देखकर अपने आप को रोक नहीं पाए और उनके साथ कदम ताल मिलाकर बड़े उत्साह के साथ नृत्य किया। स्थानीय व्यंजन और जनजातीय कलाकारों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से जनजातीय कला की जानकारी लेने के साथ पर्यटकों ने स्थानीय जनजातीय समूह से परिचय भी किया। इसके पश्चात मयाली नेचर पार्क में उन्होंने बोटिंग का भी आआनंद लिया।

**केवल फिल्मों में देखा था दीपिका ने ऐसा उत्सव-** रांची झारखंड की दीपिका ने बताया कि यहां आकर वह काफी उत्साहित है। उन्होंने बताया कि वह फिल्मों में ही ऐसा युवाओं का उत्सव देख पातीं थीं। यहां पर एडवेंचर स्पोर्ट के तहत बॉन फायर, रॉक क्लाइंबिंग, बोटिंग , ट्रैकिंग करना उनके सपनों को पूरा करने जैसा है।

**आदिवासी संस्कृति की सरलता को जान आयुष्मान को आया मजा-** रायपुर के आयुष्मान ने बताया कि यहां आकर उन्हें आदिवासी संस्कृति की सरलता और सादगी को जानने का मौका मिला जो बहुत मजेदार है। उन्होंने प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि यहां पर सभी तरह का इंतजाम अच्छी तरह से किया है।

**इंदौर के सुष्मीत को मिला नई चीजें सीखने का मौका-** इंदौर के सुष्मीत जैन ने बताया कि यहां पर आकर नई नई चीजें सीखने का मौका मिल रहा है। यहां पर जंबूरी उत्सव के तहत किए जा रहे आयोजन बेहद ही शानदार है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU